शनिवार
07 जून 2025
● देहरादून
● वर्ष 33
● अंक 126
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

33 साल से देहरादून का विश्वास

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# कार पर गिरा हेलीकॉप्टर

संवाददाता

देहरादून। हेलीकॉप्टर के सडक पर लैंडिग होने से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गयी। हेलीकॉप्टर सडक पर चल रही कार पर गिर गया। पायलट घायल हो गया। लेकिन किसी प्रकार के हताहत होने की कोई खबर नहीं मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे द्वारा जानकारी दे गयी है कि क्रेस्टेल एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के हेलीकॉप्टर अपने बडासू स्थित बेस से श्री केदारनाथ धाम के लिए पांच यात्रियों के साथ टेक-ऑफ कर रहा था।

इस दौरान हेलीकाप्टर में कुछ तकनीकि खामी आ गयी। पायटल कैप्टन आरपीएस टोडी ने समय रहते खामी को भांप लिया और नजदीक में खाली सडक देखकर आपात कालीन लैंडिंग करवायी। हैलीकाप्टर में सवार सभी पांचों यात्री सुरक्षित है जबकि पायलट को हल्की चोट आयी है।

आपातकालीन लैंडिंग के दौरान सडक पर खडी एक गाडी क्षतिग्रस्त हो गयी उक्त घटना से शटल सेवा में कोई प्रभाव नहीं पडा है। घटना की सूचना डीजीसीए को दे दी गयी है। हैलीकाप्टर के सडक पर उतरकर कार के ऊपर गिरने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी और काफी सख्या में लोग वहां पर पहुंचे। जिससे वहां पर जाम की स्थित उत्पन्न हो गयी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को हटाकर वहां जाम से निजात दिलाया। सूत्रों के अनुसार पायलट कैप्टन आरपीएस टोडी की सूझबूझ के चलते एक बडा हादसा होने से बच गया और यात्रियों को सही सलामत बाहर निकाला गया।




# दिन दहाड़े युवक का गला काटा


हमारे संवाददाता

हरिद्वार। दिन दहाड़े युवक का गला काटकर हत्या कर दी गयी। जिससे ईद की खुशियां मातम में बदल गयी। हत्या की इस वारदात के बाद हत्यारा खुद कोतवाली पहुंचा और अपना जुर्म कबूल करते हुए अपनी गिरफ्तारी दे दी। वहीं हत्या की इस वारदात के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी मची हुई है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह मंगलौर में एक युवक की सरेराह हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारा स्वयं कोतवाली पहुंच गया। बताया जा रहा है कि हत्यारोपी के पुत्र की एक वर्ष पूर्व नहर में डूबकर मृत्यु हो गई थी और उसे शक था कि मृतक ने ही उसके बेटे को मारा है।

बता दें कि आजं मंगलौर में लोग ईद उल अजहा का पर्व मना रहे थे वहीं एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। एक युवक की बीच सड़क गला रेतकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि मोहल्ला पठानपुरा निवासी रियासत पुत्र शौकत ने अपने पड़ोस में रहने वाले 22 वर्षीय साहिल पुत्र शमीम की बीच सड़क पर गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी स्वयं ही पुलिस चौकी बाजार मंगलौर जा पहुंचा।

**हत्या के बाद हत्यारा खुद पहुंचा पुलिस के पास**



वहीं हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना परिजनों तक पहुंची तो वह भी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। वहां युवक का शव लहुलुहान स्थिति में पड़ा था देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया है कि आरोपी के पुत्र की एक वर्ष पूर्व नहर में डूबकर मृत्यु हो गई थी। और उसे शक था कि साहिल ने उसे डूबाकर मारा है।

वहीं पुलिस ने फिलहाल आरोपी को हिरासत में लिया है और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मौके पर सीओ और एसपी देहात आदि अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली। इस संबंध में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि हत्या के कारणों की स्पष्ट जानकारी की जायेगी। आरोपी पुलिस हिरासत में है। मामले में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कारवाई की जा रही है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# विकसित राष्ट्र का नया फार्मूला

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भले ही केंद्र सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाक के आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया हो लेकिन सीज फायर के फैसले के बाद भी ऑपरेशन सिंदूर जारी है। भारतीय जनता पार्टी की शौर्य यात्राएं तो जारी है ही साथ ही वह अपने इस पराक्रम की गाथा के लिए विश्व राष्ट्रों का समर्थन जुटाने में लगी हुई है। खुद प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने भी मोर्चा संभाल लिया है तथा वह रोड शो और जनसभाओं के जरिए जनता को अपनी इस बड़ी उपलब्धि के बारे में बता रहे हैं। गृहमंत्री का कहना है कि जो एक चुटकी सिंदूर की कीमत नहीं जानते थे हमने इस ऑपरेशन सिंदूर के जरिए उन्हें सिंदूर की कीमत समझा दी है। वही प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि जो हमारी माता बहनों का सिंदूर पोछने का काम करेगा उसका हम क्या हश्र करेंगे हमने यह बात ऑपरेशन सिंदूर के जरिए बता दी है। प्रधानमंत्री कभी गोली के जवाब में गोले से देने की बात कहते हैं तो कभी पाकिस्तान को हिदायत देते है चैन से रहो रोटी खाओ नहीं तो फिर मेरी गोली तो है ही। उनके द्वारा अब ऑपरेशन सिंदूर को बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उसे लेकर विपक्ष हमलावर है। विपक्ष जिसने बिना शर्त कोई भी फैसला लेने और उसमें बिना किसी के सहयोग करने की बात कही थी और ऐसा करके भी दिखाया लेकिन विपक्ष सरकार के सीज फायर से लेकर ट्रंप के बिचौलिए बनने और राष्ट्रीय सुरक्षा और सेना के शौर्य पर राजनीति करने को कतई भी बर्दाश्त न किया जाना स्वाभाविक है। विपक्ष द्वारा सरकार पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है कि वह संसद का विशेष सत्र बुलाए और संसद में प्रधानमंत्री विपक्ष के सवालों का जवाब दे कि वह और उनके मंत्री ऐसा क्यों कर रहे हैं? विपक्ष के सभी सवालों से बचने का उनके द्वारा एक और नायाब तरीका ढूंढ निकाला गया है। वह विपक्षी दलों के नेताओं से टीम इंडिया बनाने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि सभी राज्यों की सरकार और केंद्र की सरकार को मिलकर काम करना चाहिए तभी विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनका कहना है कि जब तक सभी राज्य विकसित नहीं होंगे तब तक भारत विकसित कैसे हो सकता है। बात चाहे छत्तीसगढ़ की हो या फिर केरल और पश्चिम बंगाल की जहां भी गैर भाजपा की सरकार है वहां की किस-किस विकास योजना का कितना पैसा केंद्र की सरकार द्वारा रोका हुआ है यह बात भी प्रधानमंत्री को बतानी चाहिए इसके साथ ही यह भी बताना चाहिए कि क्यों रोका गया है उनके द्वारा अब विदेशी सामान के बहिष्कार की अपील की जा रही है और विकसित भारत के लिए स्वदेशी अपनाने की दलील भी दी जा रही है। क्या प्रधानमंत्री मोदी को यह नहीं पता है कि उन्होंने बीते 10 सालों में देश के लघु और सूक्ष्म उद्योगों को खत्म कर दिया है। विदेशी आयात और विदेशी उद्योगों के भरोसे तो देश के व्यवसायी जिंदा है। लोगों को थोड़ा बहुत मजदूरी के काम मिल पा रहे हैं। देश की जनता को प्रधानमंत्री से यह जरूर पूछना चाहिए कि विदेशों से व्यापार बंद करके और विदेशी निवेश को रोक कर भारत कैसे विकसित राष्ट्र बन सकता है हो सकता है उनके कुछ उद्यमी मित्रों द्वारा उन्हें कोई ऐसा विकास का फार्मूला समझा दिया गया हो जिस देश के अर्थशास्त्री अभी तक नहीं समझ सके हैं। देश में जो कुछ हो रहा है वह सब कुछ राम भरोसे चल रहा है। देखना यह है कि यह सब कुछ कब तक चलेगा?



# पुलिस ने चलाया ऑपरेशन क्लीन स्वीप

संवाददाता

टिहरी। पुलिस ने प्रात: काल में आपरेशन क्लीन स्वीप चलाकर बाहरी जनपदों के लोगों का सत्यापन कराया। आज एसएसपीआयुष अग्रवाल के आदेशानुसार जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों यथा धार्मिक स्थानो, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर, महत्वपूर्ण सरकारी, गैर सरकारी स्थानों के आस पास प्रात: चार बजे ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया गया और ईद पर्व के चलते सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया। इससे पूर्व सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित की गई थी और सभी लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।

# यूसीसी कानून के विरुद्ध 10 जून को अधिवक्ता करेंगे सचिवालय घेरावः गुप्ता

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड बार कॉसिल के चेयरमैन राकेश गुप्ता ने बताया कि यूसीसी के कानून के विरूद्ध प्रदेश भर के अधिवक्ता 10 जून को सचिवालय का घेराव करेंगे।

आज यहां दून बार एसोसिएशन कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बार कॉसिल उत्तराखण्ड के चेयरमैन राकेश गुप्ता ने बताया कि राज्य में 25 हजार अधिवक्ता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि राज्य मे विभिन्न सेवाओं जैसे वसीयत पंजीकरण, विवाह पंजीकरण, व विक्रय पत्र पंजीकरण समान नागरिक संहिता के अन्तर्गत प्रस्तावित ऑन लाईन प्रक्रिया के लागू होने से राज्य के अधिवक्ताओं, उनके आश्रितों, मुंशीगण, स्टाम्प विक्रेता तथा कनिष्ठ अधिवक्ताओं के रोजगार पर अत्यन्त प्रतिकूल प्रभाव पडने लगा है जिससे कि उनकी रोजी रोटी



संकट में आ गयी है।

उन्होंने कहा कि वर्षो से यह कार्य अधिवक्ताओं की सहायता से न्यायालय परिसर एवं सम्बन्धित कार्यालयों में सम्पन्न होते आये है और इन सेवाओं के माध्यम से न केवल अधिवक्ताओ को आजीविका का साधन प्राप्त होता है बल्कि हजारों परिवारों की रोजी रोटी भी जुडी हुई है। ऑन लाईन पंजीकरण प्रणाली लागू होने से यह सम्पूर्ण वर्ग बेरोजगारी के कागार पर आ सकात है। जिसके कारण यूसीसी कानून के विरूद्ध 10 जून को अधिवक्ताओं के द्वारा सचिवालय का घेराव किया जायेगा।

सचिवालय घेराव में अधिवक्ताओं के शामिल होने के कारण न्यायालय उनके वादों में कोई भी विपरित आदेश नहीं करेगा, इस बात की व्यवस्था भी जिला जज व अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ बनाई जा रही है ताकि घेराव में शामिल हो रहे अधिवक्ताओं को उनके वादों में हानि न हो। सचिवालय घेराव कार्य करने में अत्यधिक युवा अधिवक्ताओं को शामिल होने का आहवान है क्योंकि युवा अधिवक्ताओं के भविष्य की रक्षा व सुरक्षा का भार समस्त अधिवक्ता समाज का है और निम्न मांगों को लेकर अधिवक्ता समाज द्वारा सचिवालय घेराव किया जा रहा है।

## चाकू दिखाकर जेवरात व नगदी लूटी

संवाददाता

देहरादून। प्रतीत नगर निवासी सचिन सैनी ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी एक्टिवा से घर की तरफ आ रहा था जब वह अंडर क्रांसिग से आगे पुराने शराब के ठेके के पास पहुंचा तो अज्ञात व्यक्ति ने उसको धक्का देकर एक्टिवा से गिरा दिया और चाकू दिखाकर उससे नगदी व जेवरात आदि लूट लिये।

## शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने गोविन्द नगर में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 84 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम पवन पुत्र रामगोपाल निवासी गोविन्द नगर झुग्गी झोपडी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।




# कैण्ट विधायक ने किया पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

संवाददाता

देहरादून। कैण्ट विधायक श्रीमती सविता कपूर ने विधायक निधि से पार्क का सौदर्यीकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया।

आज यहां कैंट क्षेत्र में विधायक श्रीमती सविता कपूर द्वारा विधायक निधि से पार्क के चारों ओर टाइल्स बिछाकर किए गए सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत रूप से संपन्न लोकार्पण किया गया। इस कार्य के माध्यम से पार्क की सुंदरता में वृद्धि के साथ-साथ आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेनू गेल, मण्डल अध्यक्ष राहुल चौहान, अनंत आकाश, सुभाष ढोडियाल, मुकेश गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने विधायक के इस कार्य की सराहना की और क्षेत्र विकास के प्रति उनके निरंतर प्रयासों की प्रशंसा की। यह सौंदर्यीकरण कार्य क्षेत्रवासियों के लिए न केवल सुविधाजनक होगा, बल्कि स्थानीय बच्चों व वरिष्ठजनों के लिए एक बेहतर पर्यावरण भी प्रदान करेगा।

# कैमिस्ट की दुकान से हो रही थी नशा तस्करी, दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। कैमिस्ट की दुकान की आड़ में नशा कारोबार करने वाले एक शातिर को पुलिस ने उसके साथी सहित गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से भारी मात्रा

## ❑भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल बरामद

में नशीले कैप्सूल बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली लक्सर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कैमिस्ट की दुकाने चलाने वाला एक व्यक्ति नशा कारोबार में संलिप्त है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बतायी गयी दुकान पर छापेमारी कर एक कैमिस्ट को 428



कैप्सूल व एक नशा तस्कर को 80 नशीले कैप्सूलो के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में उन्होने अपना नाम रवि कश्यप पुत्र राजपाल सिंह निवासी कश्यप कालोनी सलेमपुर बक्काल थाना लक्सर जिला हरिद्वार व अनस पुत्र मसव्वर निवासी ग्राम जसोदरपुर कोतवाली लक्सर हरिद्वार बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

# राष्ट्र की बात आती है तब दल नहीं योग्यता प्रमुख

डॉ. घनश्याम बादल

परमाणु बम की धमकी एवं गीदड़ भभकी देने वाले पाकिस्तान की हालत चार दिन की जंग के बाद ही खस्ता हो गई और जब भारत ने उसके तेरह में से ग्यारह एयरबेस क्षतिग्रस्त कर दिए और कम से कम छह पूरी तरह तबाह कर दिए व उसकी मिसाइलें एवं लड़ाकू विमान मार गिराए तथा ब्रह्मोस का प्रयोग करते हुए (यदि मीडिया की रिपोर्ट को सच मानें तो) उसे परमाणु बम के उपयोग करने की संभावना से भी वंचित कर दिया तब आनन फानन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट करके दुनिया को इस संघर्ष विराम या सीजफायर की जानकारी दी तो एक तरह से दक्षिण एशिया एवं दुनिया ने राहत की सांस ली। वहीं यदि ट्रंप के वक्तव्य को मानें तो लाखों लोग मरने से बचे।

लेकिन यहीं से देश में राजनीतिक उठापटक शुरू हो गई। विपक्ष ने मुखर होकर पूछा कि ऐसे क्या कारण थे जिनकी वजह से अचानक ही संघर्ष विराम की घोषणा करनी पड़ी और विभिन्न कोणों से सरकार पर जब हमले हुए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मई को देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है। अभी तो उसे केवल स्थगित किया गया है।

उन्होंने कड़े शब्दों में पाकिस्तान एवं आतंकवादियों सहित दूसरे देशों को भी चेतावनी दे दी कि भारत के आंतरिक मामलों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप सहन नहीं किया जाएगा तथा आतंक की किसी भी घटना को एक्ट ऑफ वॉर' समझा जाएगा जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भले ही सरकार एवं विभिन्न रक्षा विशेषज्ञों की दृष्टि में भारत का पलड़ा इस संघर्ष में भारी रहा तथा पाकिस्तान को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा लेकिन दुनिया में अपना पक्ष रखना भी बहुत जरूरी था। इसलिए भारत सरकार ने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया जिनका नेतृत्व जाने-माने नेताओं को सौंपा गया। 59 सदस्यों वाले इन सात प्रतिनिधिमंडलों में लगभग सभी प्रमुख दलों के सदस्यों को शामिल किया गया लेकिन विवाद तब उठ खड़ा हुआ जब कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के नेता शशि थरूर को अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेता चुने जाने के बावजूद इस पर आपत्ति दर्ज कराई।

कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि जिन चार नेताओं के नाम कांग्रेस ने दिए थे उनमें से केवल आनंद शर्मा को ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है, और सरकार में अपनी मर्जी से ही शशि थरूर एवं सलमान खुर्शीद जैसे नेताओं को कांग्रेस का प्रतिनिधि बना कर भेजने का निर्णय लिया जो उसके लिए आपत्तिजनक है। एक तरह से देखें तो कांग्रेस का पक्ष अनुचित नहीं है क्योंकि हर दल को अपने उपयुक्त नेता को ऐसे प्रतिनिधिमंडलों में शामिल कराने का अधिकार है, लेकिन सरकार का कहना है कि उसने ऐसी कोई सूची मांगी ही नहीं थी तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिन नेताओं को उसने योग्य पाया उनका चयन इन प्रतिनिधिमंडलों में किया गया है।

इस दृष्टि से सरकार का पक्ष भी सही है क्योंकि जब राष्ट्र की बात आती है तब दल नहीं योग्यता प्रमुख हो जाती है। इसका उदाहरण स्वयं कांग्रेस की नरसिंह राव के नेतृत्व वाली सरकार ने उस समय दिया था जब 1994 में संयुक्त राष्ट्र में भारत का पक्ष रखने के लिए उसने अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भेजा था तो कह सकते हैं कि ऐसी परंपरा की शुरु आत स्वयं कांग्रेस ने की थी।

वैसे ऐसा भी नहीं है कि पहली बार किसी सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में भेजे हैं। इससे पूर्व भी ऐसे प्रतिनिधिमंडल भेजे जाते रहे हैं। २००८, 1971 एवं 1965 में भी सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजा गया था। जिस तरह भारत के सभी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर पाकिस्तान की तरफ से खड़े किए गए संकट में साथ दिया वह प्रशंसनीय कदम था लेकिन संघर्ष विराम के बाद से ही जिस तरह की राजनीति की जा रही है, उससे इस बात का भी अंदेशा है कि सेना द्वारा लगभग जीती गई जंग की महत्ता को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता कहीं महत्त्वहीन न कर दे। इसलिए सभी राजनीतिक दलों, चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के हों, को ध्यान देना होगा कि ऐसा परिदृश्य न प्रस्तुत करें कि दुनिया भर में भारत की जगहंसाई हो।

खैर, एक बार फिर से लौट कर चिंतन करते हैं कि इन प्रतिनिधिमंडलों के गठन का लक्ष्य क्या है तथा ये भारत के किस-किस पक्ष को दुनिया के सामने रखेंगे और पाकिस्तान के किन षड्यंत्रों एवं आतंकवादी मानसिकता को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार के एजेंडे के अनुसार ये प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में जाकर उन परिस्थितियों के बारे में अवगत कराएंगे जिनके चलते भारत को पलट कर वार करना पड़ा तथा किस तरह पाकिस्तान अपने पाले हुए आतंकवादियों के माध्यम से भारत को निरंतर संकट में डालता रहा है। उनका एक बिंदु यह भी होगा कि यदि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष या अन्य देशों द्वारा अनावश्यक रूप से आर्थिक सहायता दी जाती है, तो यह देश इसका इस्तेमाल सभी शतरे एवं नियमों को अनदेखा करके हथियार खरीदने एवं आतंकवादियों को शह देने के लिए करेगा। बेशक, विपक्ष का काम है सरकार की कमियों को उजागर करना पर सबसे मुख्य बात है कि क्षणिक आवेश या निहित स्वार्थ के चलते भारत के हितों की अनदेखी न होने पाए। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है आंवला



आंवला फाइबर, प्रोटीन, आयरन, पोटैशियम, कई जरूरी विटामिन्स और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण आदि पोषक तत्वों से समृद्ध होता है, इसलिए इसे डाइट में शामिल करना लाभदायक है। आप चाहें तो कुछ स्वादिष्ट व्यंजनों के रूप में आंवला का सेवन कर सकते हैं। आइए आज हम आंवला से बनाए जाने वाले कुछ व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप घर पर कुछ ही मिनटों में बनाकर खा सकते है।

आंवला का मुरब्बा

आंवला का मुरब्बा बनाने के लिए सबसे पहले आंवलों को पानी से अच्छी तरह साफ कर लें, फिर उन्हें दो दिन तक फिटकरी के पानी में रखें। इसके बाद इसे अच्छी तरह धोकर दूसरे बर्तन में डालें, फिर सभी आंवलों को पानी और चीनी मिलाकर मध्यम आंच में पकाएं। अब इन्हें ठंडा करके एक जार में भरकर रख लें और रोजाना उसका सेवन करें।

आंवला और कच्चे आम के चावल

चावल को धोकर १०-15 मिनट के लिए भिगो दें और अच्छी तरह पका लें। अब एक पैन में सरसों के दानों को तेल में भूनें, फिर इसमें चना दाल, काजू और उड़द दाल डालकर भूनकर करी पत्ता डालें। इसके बाद इसमें कटे हुए कच्चे आम और आंवला मिलाएं, फिर इसमें स्वादानुसार नमक और हल्दी पाउडर मिलाएं। अंत में इस मिश्रण में पके हुए चावल डालकर अच्छी तरह मिलाएं, फिर इसे गर्मागर्म परोसें।

आंवला रसम

आंवला, हल्दी पाउडर, नमक और पानी को पांच-छह सीटी तक प्रेशर कुक में पकाएं। इसके बाद एक पैन में घी गर्म करके राई, हींग, अदरक, करी पत्ता और लहसुन को भूनें, फिर इसमें हरी मिर्च, इमली का पानी, पका हुआ आंवला, टमाटर प्यूरी, पकी तुअर दाल, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, नमक, चीनी और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। अब इसमें पानी डालकर रसम को करीब चार-पांच मिनट तक उबालें, फिर इसे उबले हुए चावल के साथ गर्मागर्म परोसें।

आंवला की सब्जी

सबसे पहले गर्म तेल में हरी मिर्च, राई और जीरा डालकर भूनें, फिर इसमें कटा हुआ आंवला डालें और बीच-बीच में हिलाते हुए तीन मिनट तक पकाएं। अब इसमें हल्दी पाउडर, सौंफ, मिर्च पाउडर, धनियां, नमक और हींग डालकर इसे एक मिनट के लिए भूनें, फिर इसमें थोड़ा पानी और गुड़ डालकर इन्हें मिलाएं और बीच-बीच में हिलाते हुए लगभग चार मिनट तक पकाएं। इसके बाद इसमें हरा धनिया गार्निश करके गैस बंद कर दें और इसे गर्मागर्म परोसें।

आंवले का अचार

सबसे पहले आंवले को पानी में छह मिनट के लिए बीच-बीच में हिलाते हुए पकाएं, फिर इसमें से पानी छानकर आंवलों को ठंडा होने दें। इसके बाद सौंफ और कलौंजी को एकसाथ दरदरा पीस लें, फिर इस मिश्रण में हल्दी पाउडर, मेथी दाना, हींग, सरसों का तेल, नमक और मिर्च पाउडर मिलाएं। अब इसमें पके हुए आंवले डालकर अच्छी तरह मिला लें और दो घंटे के लिए अलग रख दें। इस अचार को आप परांठे के साथ खाएं।

# गले की खिच-खिच से परेशान, अपनाएं ये समाधान



क्या आप भी गले की खिच-खिच से परेशान हैं? गले की खराश इस मौसम की कॉमन प्रॉब्लम है। ठंडी चीज के सेवन या फिर संपर्क में आ जाने से गला खराब हो जाता है। इसके अलावा किसी चीज से ऐलर्जी हो तो भी गले में खराश हो जाती है।

इस मौसम में गले का इन्फेक्शन बेहद कॉमन प्रॉब्लम है। जरा सा कुछ उलटा-सीधा खाया नहीं कि सीधे गला इंफेक्शन की चपेट में आ जाता है। कई बार तो गले का इंफेक्शन इतना अधिक होता है कि आप चाहकर भी कुछ नहीं बोल पाते और खाने की बात तो दूर पानी पीने में भी गला दर्द करता है। हद तो तब हो जाती है, जब थ्रोट इन्फेक्शन की वजह से पूरे दिन गले में दर्द रहता है। आप चाहें तो इन घरेलू उपायों को आजमाकर गले की खराश से राहत पा सकते हैं।

स्टीम लेना है बेस्ट

ज्यादातर मामलों में गले का इन्फेक्शन ठंड लगने से ही होता है। ऐसे में, अगर आप स्टीम लेते हैं, तो इससे आपको ब्लॉक हो चुके नेसल पैसेजेज को खोलने में मदद मिलेगी और सांस लेने में आसानी होगी। स्टीम लेना न सिर्फ कोल्ड बल्कि गले में इन्फेक्शन के मामले में भी मददगार है। ज्यादा बेहतर परिणाम के लिए स्टीम लेने के दौरान पानी में थोड़ा यूकलेप्टिस का तेल मिला लें।

गर्म पानी के गरारे

गले के इन्फेक्शन की शिकायत पर सबसे पहले हर कोई आपको नमक वाले गर्म पानी से गरारे करने की सलाह ही देगा। यह बेस्ट और आसान तरीका है। दरअसल, नमक मिला गर्म पानी आपके गले में इन्फेक्शन की वजह से आ गई सूजन को कम करता है और आराम पहुंचाता है। बेहतर होगा कि जल्दी राहत के लिए आप हर तीन घंटे में गरारे करें।

चूसते रहिए गोलियां

गले में इन्फेक्शन के दौरान आपके लिए कुछ भी खाना-पीना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में, बेहतर होगा कि आप अगर कुछ खा-पी नहीं पा रहे हैं, तो कम से कम कुछ गोलियां ही चूसते रहें। इससे आपके मुंह में स्लाइवा का प्रॉडक्शन जारी रहेगा, जिससे आपको आराम मिलेगा। आप चाहें, तो इस तरह की गोलियां चूस सकते हैं, जिनमें जिंजर फ्लेवर हो। इससे आपके गले को और ज्यादा आराम मिलेगा।

लिक्विड लेते रहिए

गले के इंफेक्शन में कुछ भी लिक्विड लेने से भी आपके गले में दर्द होगा लेकिन बेहतर होगा कि अगर आप थोड़े गैप में कुछ गर्म लिक्विड लेते रहें। कुछ भी नहीं तो आप थोड़ी-थोड़ी देर में गर्म पानी पीते रहें।

इससे आपके गले की सिकाई होगी और आपको आराम मिलेगा। साथ ही, आपके गले में जमा होने वाला बैक्टीरिया भी इकट्ठा नहीं हो पाएगा। गर्म पानी के अलावा आप चाय या कॉफी भी ले सकते हैं। वहीं, एक गिलास गर्म पानी में थोड़ा लाइम जूस और शहद मिलाकर पीना भी अच्छा ऑप्शन है।

# ड्रेस वही पहनें, जो आरामदेह लगे

आजकल महिलाएं भी पुरुषों की तरह ही पैंट-शर्ट पहन रहीं हैं और इसमें वे अपने को आधुनिक व शक्तिशाली अनुभव करती हैं पर फैशन डिजायनरों के अनुसार यह धारणा सही नहीं है। उनका मानना है कि महिलाएं अपने आत्मविश्वास से एक ही वक्त में खूबसूरत और शक्तिशाली दोनों लग सकती हैं। इसलिए ड्रेस वही पहनें, जो कम्फर्टेबल हो और आपकी पर्सनैलिटी को अच्छा लगे। जरूरी नहीं कि आप पैंट-शर्ट पहनकर ही अपने को शक्तिशाली साबित करें। पर्सनैलिटी तभी उभरकर आएगी, जब आपका ड्रेस सिलेक्शन और उसको पहनने का तरीका सही होगा। तो नजर डालें कुछ ऐसे ट्रेंड्स पर, जो आपके ओवरऑल लुक को निखारेंगे।

सिंगल कलर ड्रेस

इसमें ऊपर से नीचे तक एक सिंगल कलर (एक रंग) की ही ड्रेस पहनी जाती है। फैशन की दुनिया में इसे मोनोक्रोमैटिक ट्रेंड कहा जाता है। ऊपर से नीचे तक सिंगल कलर ड्रेस में अगर आपको लगता है कि आप परफेक्ट लुक नहीं पा सकेंगी, तो उसी रंग में कॉन्ट्रास्ट के विकल्प पर जाएं। अपने आउटफिट में एक ही कलर की दो डिफरेंट शेड्स को कैरी करें। उदाहरण के लिए नेवी ब्लू के साथ स्काई ब्लू या फिर ऑलिव ग्रीन को लाइम ग्रीन या मेटैलिक गोल्ड को येलो के साथ पहनें। इस तरह आपको सिंगल कलर में बढ़िया स्टाइलिश गेटअप मिलेगा।

फुटवेअर का कलर हो अलग

एक रंग की ड्रेस कैरी करते वक्त उसी कलर का फुटवेअर कैरी न करें। यानी वाइट ड्रेस के साथ वाइट शूज न पहनें। इसकी बजाय गोल्ड या सिल्वर जैसे मेटैलिक शेड्स ट्राई कर सकती हैं। ऑल ब्लैक के साथ आप मेटैलिक कलर में फुटवेअर पहन सकती हैं। सही लेयरिंग की मदद से भी आप अपने इस लुक को और निखार सकती हैं। लेयरिंग के लिए हमेशा ऐसी अक्सेसरीज चुनें जो आप आत्मविश्वास के साथ पहन सकें। एक रंग की कोई भी अक्सेसरीज या कोई भी कपड़े को साथ पहन लेने भर से बात नहीं बनेगी।

स्टाइल से समझौता नहीं

हर दिन आपको फॉर्मल दिखना जरूरी नहीं, कभी-कभी थोड़ा केयर फ्री होना भी जरूरी है। कंफर्ट के लिए लोग अब स्टाइल से समझौता करने को तैयार हैं। यंगस्टर्स ओवरसाइज ड्रेस को स्टाइलिश तरीके से अपना रहे हैं। बड़े ब्रांड्स ने अपने डिजाइनर कलेक्शन में इसे शामिल कर लिया है। हील्स से ज्यादा फ्लैट फुटवेअर को तरजीह दी जा रही है। इसलिए इन्हें फैशनेबल बनाने के लिए कई एक्सपेरिमेंट्स किए जा रहे हैं। कंफर्ट के साथ यह लगभग हर मौके पर कैरी किए जा सकते हैं। इसके अलावा काउ बॉय बूट्स और स्नीकर्स भी इस साल ट्रेंड में रहेंगे।

सेम कलर, कंट्रास्टिंग टेक्सचर

जब आपको सिंगल कलर ड्रेस का डोमिनेटिंग लुक चाहिए हो और आपका मन शेड्स के साथ प्ले करने का न हो, तो टेक्सचर्स के साथ एक्सपेरिमेंट करें। ऐसे में कॉटन को सियूड, जर्सी को लेस और क्रोचेट वर्क को सिल्क के साथ कैरी कर सकती हैं। वैसे, और भी विकल्प आपके पास हैं। मसलन, जर्सी फैब्रिक की प्लीटेड ग्रे ट्राउजर्स के साथ सिक्विन टॉप पहनें। इसी तरह कॉटन पैंट्स के साथ सिल्क ब्लाउज व वीव जैकेट मैच कर सकती हैं।

# नमक का कितना करें इस्तेमाल

नमक का ज्यादा सेवन आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। ऐसे में एक समस्या आपके सामने यह भी आती है कि नमक किस तरह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। अगर आप सीमित मात्रा में सेवन करते हैं, तो सभी नमक से आपके शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। मगर यदि आप पूरी तरह स्वस्थ हैं, तो आपको टेबल सॉल्ट के सेवन की सलाह दी जाती है। इसका कारण ये है कि सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम आपको सभी प्रकार के नमक से मिल जाते हैं मगर आयोडिन नहीं मिलता है। ज्यादातर पैकेटबंद टेबल सॉल्ट को आयोडाइज्ड किया जाता है। आयोडिन हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इसकी कमी से कई गंभीर रोग जैसे-थायरॉइड, घेंघा आदि हो जाते हैं।

घर पर हम सामान्यत: जो नमक खाना बनाने में इस्तेमाल करते हैं, उसे टेबल सॉल्ट या सफेद नमक कहते हैं। ये नमक सोडियम क्लोराइड कहलाता है, जो सोडियम और क्लोरीन नामक दो तत्वों को मिलाकर बनता है।

शरीर में पानी की मात्रा को नियंत्रित रखने के लिए हमें सोडियम की जरूरत होती है और नमक इसका प्रमुख स्रोत है। दिमाग से शरीर के अन्य अंगों तक सूचनाओं के आदान-प्रदान में सोडियम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही मांसपेशियों की सक्रियता बरकरार रखने में भी सोडियम बहुत मददगार होता है। यह सभी पदार्थों को तेजी से अपनी ओर खींचता है, इसलिए इसकी अधिकता से शरीर में पानी की मात्रा बढ जाती है, जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होती है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# सुबह के नाश्ते में एक कीवी का सेवन है फायदेमंद?



सुबह का नाश्ता दिन का सबसे जरूरी भोजन माना जाता है। यह न केवल ऊर्जा देता है, बल्कि पूरे दिन की गतिविधियों के लिए शरीर को तैयार भी करता है।

इस लेख में हम आपको एक ऐसे फल की बात बताएंगे, जो सुबह के नाश्ते में शामिल करने पर कई सेहत से जुड़े लाभ दे सकता है। यह फल है कीवी।

इसमें विटामिन-सी, विटामिन-के, विटामिन-ई, विटामिन-ए, पोटेशियम, कॉपर, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में है मददगार

कीवी में विटामिन-सी की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करता है।

विटामिन-सी शरीर की सुरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाता है। यह खासतौर पर सर्दी-खांसी और अन्य मौसमी संक्रमण से लड़ने में सहायक होता है।

इसके अलावा कीवी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

पाचन के लिए है फायदेमंद

कीवी में मौजूद फाइबर पाचन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह कब्ज, गैस की समस्या और अन्य पाचन संबंधित समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

फाइबर आंत की सफाई करता है और अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है, जिससे पाचन सुचारू रूप से काम करता है।

इसके अलावा फाइबर खाने को अच्छे से पचाने में भी मदद करता है। इसलिए रोजाना एक कीवी का सेवन करने से पाचन सही रहता है।

वजन कम करने में है सहायक

कीवी में कम कैलोरी और ज्यादा फाइबर होता है, जो वजन कम करने में मदद करता है। इसका मतलब है कि यह बिना किसी अतिरिक्त कैलोरी के आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे आप बेवजह खाने से बच सकते हैं।



इसके अलावा कीवी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर की चर्बी को जलाने में मदद करते हैं। इसलिए रोजाना एक कीवी का सेवन करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है।

आंखों की सेहत के लिए है फायदेमंद

कीवी में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन जैसे तत्व होते हैं, जो आंखों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

ये तत्व आंखों की रोशनी को सुधारते हैं और उम्र बढ़ने पर होने वाली आंखों की समस्याओं से बचाव करते हैं।

इसके अलावा कीवी में विटामिन-ए भी होता है, जो आंखों के लिए जरूरी होता है। इसलिए रोजाना एक कीवी का सेवन करने से आपकी आंखों की सेहत बेहतर रहती है।

दिल के लिए है फायदेमंद

कीवी में पोटेशियम और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

ये तत्व रक्तचाप को नियंत्रित रखते हैं और खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।इसके अलावा कीवी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स दिल को मजबूत करते हैं और खून के बहाव को सुधारते हैं। इसलिए रोजाना एक कीवी का सेवन करने से आपका दिल स्वस्थ रहता है।

## शब्द सामर्थ्य -62

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |



## प्राइम वीडियो ने किया द ट्रेटर्स का एलान

प्राइम वीडियो ने अपने अब तक के सबसे बड़े रियलिटी शो द ट्रेटर्स की लॉन्च डेट की घोषणा एक दमदार टीज़र के साथ की है, जिसमें होस्ट करण जौहर अपने ग्लैमरस अंदाज़ में नजर आ रहे हैं। यह शो 12 जून 2025 से केवल प्राइम वीडियो इंडिया पर स्ट्रीम होगा। हर हफ्ते गुरुवार रात 8 बजे शो के नए एपिसोड रिलीज किए जाएंगे। द ट्रेटर्स एक इंटरनेशनल हिट रियलिटी शो का भारतीय रूपांतरण है, जिसे बीबीसी स्टूडियोज़ इंडिया प्रोडक्शंस ने ऑल3मीडिया इंटरनेशनल के साथ साझेदारी में तैयार किया है। इस शो में देशभर की कई जानी-मानी हस्तियां एक महल जैसे लोकेशन पर इकट्ठा होंगी, जहां वे फेथफुल और ट्रेटर्स के बीच छिपी पहचान और विश्वासघात से भरे गेम का हिस्सा बनेंगी। करण जौहर की मौजूदगी, हाई स्टेक्स गेमप्ले और जबरदस्त ड्रामा से भरपूर यह शो प्राइम वीडियो के रियलिटी एंटरटेनमेंट को एक नई ऊंचाई देने वाला साबित हो सकता है। दर्शक अब 12 जून का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं, जब यह मनोरंजन का नया दौर शुरू होगा। करण की आगामी फिल्मों की बात करें वह जल्द ही फिल्म धड़क 2 लेकर आ रहे हैं। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। यह फिल्म साल 2018 में आई धड़क का सीक्वल है। इसके अलावा करण के पास फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी भी है।

## तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग शुरू

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन एक बार फिर अपने फैंस के लिए रोमांचक खबर लेकर आए हैं। रोमांटिक ड्रामा तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' की शूटिंग की शुरुआत हो चुकी है और इसका मुहूर्त शॉट यूरोप में शूट किया गया। निर्देशक समीर विद्वांस के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्तिन आर्यन ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है जिसमें वो बड़े-बड़े बालों को कटवाकर नए लुक में नजर आ रहे हैं। इसी के साथ ही एक्टर ने मुहुर्त शॉट की भी जानकारी दी है। एक्टर ने हाल ही में अनुराग बसु की रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म की शूटिंग खत्म की है, अब इस नए प्रोजेक्ट में जुट गए हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भगवान गणेश की एक झलक शेयर करते हुए मुहूर्त शॉट का वीडियो क्लिप पोस्ट किया। इस वीडियो में फिल्म के क्लैपरबोर्ड के साथ भगवान गणेश की झलक भी दिखाई दे रही है। तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का निर्देशन कर रहे समीर विद्वांस इससे पहले सत्यप्रेम की कथा' जैसी फिल्में दे चुके हैं। फिल्म को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 फरवरी 2026 को थिएटर्स में रिलीज होगी, जिसे वेलेंटाइन वीक के दौरान रिलीज करने का प्लान है। अभिनेता के पास इन दिनों फिल्मों की भरमार है। इससे पहले एक्टर ने एक फोटो शेयर करते हुए अपनी एक और फिल्म नागजिला के बारे में भी फैंस को जानकारी दी थी। इस फिल्म को अगले साल 14 अगस्त को रिलीज किया जाना है।

## मेट्रो इन दिनों का जमाना लगे टीजर रिलीज

अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के गाने जमाना लगे का टीजर रिलीज किया गया है। इस गाने के टीजर में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट की झलक देखने को मिल रही है। आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल, पंकज त्रिपाठी जैसे मंझे हुए कलाकारों से सजी ये फिल्म 4 जुलाई 2025 को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। दो साल बाद आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं और इस मूवी में वो पहली बार सैफ अली खान की बेटी सारा के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। इससे पहले फिल्म को साल 2024 में रिलीज किया जाना था लेकिन कुछ कारणों के चलते फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। फिल्म मेट्रो इन दिनों' 4 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म की घोषणा काफी पहले की जा चुकी थी। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं और कुछ समय पहले सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर के साथ उनकी तस्वीरें भी सामने आई थीं।

# कनिका मान ने किया खुलासा, आखिर क्यों पंजाबी इंडस्ट्री में कर रही कमबैक?

मशहूर एक्ट्रेस कनिका मान अपनी नई फिल्म जॉम्बीलैंड के साथ पंजाबी इंडस्ट्री में धमाकेदार वापसी करने वाली हैं। उनकी नई फिल्म दर्शकों के बीच काफी चर्चा में है। कनिका ने अपनी फिल्म जॉम्बीलैंड के बारे में खुलकर बात की और बताया कि यह फिल्म एक जॉम्बी के प्रलय पर आधारित है। इस फिल्म में कॉमेडी, हॉरर, एक्शन और रोमांस का तड़का है।




कनिका ने कहा, यह फिल्म जॉम्बी की दुनिया पर बनी एक मजेदार कहानी है जिसमें कॉमेडी, हॉरर, एक्शन और रोमांस, सब कुछ है। इसमें अजीब लेकिन दिलचस्प किरदार हैं। दर्शकों की अपनी-अपनी पसंद होती है। किसी को डरावनी फिल्में पसंद हैं, तो किसी को कॉमेडी वाली फिल्में अच्छी लगती हैं, या फिर किसी को प्यार भरी लव स्टोरी वाली फिल्में भाती हैं। इस फिल्म में हर तरह के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ है। अलग-अलग तरह की चीजें इसमें देखने को मिलेंगी। इसे देखना मजेदार रहेगा।

अपने किरदार के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा। भले ही मुझे जॉम्बी वाला कोई खास किरदार नहीं करना पड़ा। इसमें मेरा किरदार कोको नाम की लड़की का है। मैंने पूरी कोशिश की है कि डायरेक्टर की सोच के मुताबिक इस किरदार को निभाऊं। इस फिल्म की स्क्रिप्ट और टीम की मेहनत ने मुझे इस प्रोजेक्ट की ओर खींचा। यह मेरी पहली पंजाबी फिल्म है, जिसमें मैं लीड रोल में हूं। अच्छी कहानी के साथ पंजाबी इंडस्ट्री में लौटकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म उतनी ही पसंद आएगी, जितना मजा हमें इसे बनाने में आया। इस फिल्म में बिन्नू ढिल्लों, अंगीरा धर, धनवीर सिंह और जस्सी ढिल्लों भी अहम किरदार में नजर आएंगे।

जॉम्बीलैंड को भारत की पहली पंजाबी जॉम्बी कॉमेडी फिल्म के रूप में देखा जा रहा है। इस फिल्म की कहानी और निर्देशन की जिम्मेदारी थापर ने उठाई है। यह फिल्म पांच भाषाओं में रिलीज होगी, जिसमें पंजाबी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम शामिल हैं। जॉम्बीलैंड 13 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# आलिया भट्ट शीयर नेट गाउन में दिखीं बेहद खूबसूरत



बॉलीवुड की टैलेंटेड और स्टाइलिश अदाकारा आलिया भट्ट एक बार फिर अपने लुक से फैंस का दिल जीता। इस बार मौका था प्रतिष्ठित कान फिल्म महोत्सव 2025 का, जहां आलिया भट्ट ने अपने ग्लैमरस लुक से सबका ध्यान खींच लिया। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीर शेयर की है जिसमें वह शीयर नेट गाउन में नजर आ रही हैं। यह आउटफिट गुच्ची का है और आलिया का यह लुक उन्होंने लोरियल पेरिस के साथ एक प्रमोशनल अपीयरेंस के दौरान कैरी किया। तस्वीर में आलिया का सटल मेकअप, स्मोकी आईज और सॉफ्ट वेवी हेयरस्टाइल उनके लुक को और भी ग्रेसफुल बना रहा है। आलिया ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा - में खुशनुमा, धूप भरा दिन कान्स2025।

इस पोस्ट के नीचे फैशन इंडस्ट्री और बॉलीवुड के कई बड़े नामों ने आलिया की तारीफ की। डिज़ाइनर मनीष मल्होत्रा ने दिल वाले इमोजी के साथ रिएक्ट किया, वहीं करण जौहर ने लिखा - अब तक का सबसे अच्छा लुक। आलिया का यह रेड कार्पेट लुक ना सिर्फ फैशन लवर्स को इंप्रेस कर रहा है बल्कि यह भी दिखाता है कि वह हर मौके पर एक्सपेरिमेंट करने से नहीं कतरातीं। इस लुक में उनका कॉन्फिडेंस और एलिगेंस साफ झलक रहा है। कुछ ही घंटों में इस पोस्ट को 17 लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। फैंस और फॉलोअर्स लगातार आलिया के इस लुक पर कमेंट्स कर रहे हैं और उन्हें रानी और गॉर्जियस क्वीन जैसे टाइटल्स दे रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब आलिया ने इंटरनेशनल रेड कार्पेट पर अपने लुक से चर्चा बटोरी हो। इससे पहले भी मेट गाला और अन्य इंटरनेशनल इवेंट्स में उनका फैशन स्टाइल सभी को पसंद आया है। कान्स 2025 में भी उनका यह लुक उन्हें ग्लोबल फैशन आइकन के रूप में स्थापित करता है। आलिया भट्ट का यह लुक फैशन लवर्स के लिए किसी इंस्पिरेशन से कम नहीं है।

# आतंकवादियों का सफाया बहुत जरूरी

गिरीश पांडे

ऑपरेशन सिंदूर' के तहत जिस प्रकार भारत के डिफेंस सिस्टम के सामने चीन की मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन बेहद बौने और फेल साबित हुए, ठीक वैसी ही स्थिति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी देखने को मिली।

भारत के इस अभियान के दौरान ट्रंप काफी सक्रिय दिखे और उन्होंने अपनी चौधराहट दिखाने के लिए %मान न मान मैं तेरा मेहमान' की तर्ज पर जहां अपनी ओर से सबसे पहले सोशल मीडिया के जरिए भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की सूचना दी, वहीं एक कदम और आगे बढ़ते हुए उनका कहना था %हमने भारत-पाक संघर्ष को रोकने में बहुत मदद की। मैंने दोनों देशों से कहा कि अगर आप संघर्ष रोकते हैं तो हम व्यापार करेंगे, नहीं तो कुछ नहीं।' और फिर अचानक कहा, %ठीक है, हम रु कते हैं, और वे रुक गए।'

यह वक्तव्य था ट्रंप का जबकि यह सत्य से बिल्कुल परे था और ट्रंप द्वारा संघर्ष विराम का श्रेय लेने, व्यापार संबंधित धमकी एवं कश्मीर की मध्यस्थता से जुड़े बयान को भारतीय विदेश मंत्रालय ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ तौर पर कह दिया है कि पाकिस्तान के साथ सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दे पर ही चर्चा होगी और न्यूक्लियर ब्लेकमेल बर्दाश्त नहीं होगा, वहीं पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए यह भी कहा है कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। व्यापार और आंतकवाद एक साथ नहीं चल सकते।

बाद में ट्रंप ने अपने सुर बदलते हुए कहा, %मैं यह नहीं कहना चाहता कि मैंने ही यह किया, लेकिन मैंने जरूर पाकिस्तान और भारत के बीच समस्या सुलझाने में मदद की।' जबकि अमेरिका की छीछालेदर तो स्वयं पाकिस्तान ने उस समय कर दी थी जबट्रंप के संघर्ष विराम की घोषणा के तीन घंटे के भीतर ही पाकिस्तान ने चीन के उकसावे पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और अमेरिका को वि समुदाय के समक्ष मुंह की खानी पड़ी। यहां यह उल्लेख करना भी जरूरी होगा कि पहलगाम में पाकिस्तान की इस घिनौनी हरकत के बावजूद उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मिलने वाले कुल 2.3 बिलियन डॉलर कर्ज में भी अमेरिका की भूमिका अप्रत्यक्ष रूप से काफी महत्त्वपूर्ण रही है।

इसका कारण यह है कि अमेरिका आईएमएफ का सबसे बड़ा शेयरधारक (स्टेकहोल्डर) है, और उसके पास आईएमएफ के निर्णयों पर प्रभाव डालने की क्षमता है, जबकि भारत ने इसका पुरजोर विरोध किया था। असल में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ भारत ने %ऑपरेशन सिंदूर' से जो रौद्र रूप अपनाया उसकी पाकिस्तान को कल्पना तक नहीं थी। भारतीय जल, थल और नभ, तीनों सेनाओं के रणबांकुरों ने युद्ध में जो पराक्रम दिखाया, उससे पाकिस्तान को काफी नुकसान हुआ। भारतीय हमले की जद में पाकिस्तान का परमाणु जखीरा भी आ गया जिस पर पाकिस्तान को नाज था और भारत को बार-बार गीदड़भभकी देता था। इससे घबराया पाकिस्तान अमेरिका की शरण में जाकर सीजफायर करवाने के लिए गिड़िगड़ाया और उसके बाद उसके सैन्य अभियान महानिदेशक ने भारत से संपर्क साधा।

चीन और तुर्किए ने भी पाकिस्तान की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने में सहयोग का आासन देकर उसके प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित की, लेकिन चीन ने पाकिस्तान को हथियारों की सप्लाई किए जाने का खंडन किया, जबकि स्टॉकहोम इंटरनेशल पीस रिसर्च (सिपरी) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने 2020-24 तक चीन के हथियारों की खरीद का 81 प्रतिशत हासिल किया है। असल में चीन को अब अपने हथियारों की गुणवत्ता और उन्हें निर्यात करने में आने वाली परेशानी का पता है। %ऑपरेशन सिंदूर' से चीन भी निश्चित तौर पर आतंकित होगा क्योंकि पहले ही पूर्वी लद्दाख की घटना में भी उसने भारत की सैन्य शक्ति को देख लिया था और 4 साल से अधिक समय तक चले सैन्य गतिरोध के बाद उसे पीछे हटना पड़ा था।

जहां तक तुर्किए का संबंध है, तो यह वही तुर्किए है जहां फरवरी, 2023 में आए तीव्र भूकंप के बाद जिस तरीके से भारत की ओर से %ऑपरेशन दोस्त' के तहत भारतीय सेना ने आपदा के 12 घंटे के भीतर राहत सामग्री के साथ अपने बचाव दल तैयार कर वहां भेजे थे। इसलिए, हम इसे तुर्किए की एहसानफरामोशी की इंतिहा नहीं कहेंगे तो और क्या कहेंगे। फिलहाल, भारत ने तुर्किए की ग्राउंड हैंडलिंग फर्म सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। देश के विभिन्न संस्थान राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुर्किए के साथ अपने अनुबंधों को समाप्त कर रहे हैं। गौरतलब है कि सेलेबी एविएशन दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और गोवा सहित नौ शहरों के हवाई अड्डों पर यात्री सुरक्षा, उड़ान संचालन, कार्गो और डाक सेवाओं के साथ-साथ वेयरहाउस सेवाओं का प्रबंधन प्रदान करती है।

फिलहाल, भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने औपचारिक रूप से 10 मई, 2025 को संघर्ष विराम पर परस्पर सहमति जता दी है। असल में यहां तक नौबत ही नहीं आती यदि पाकिस्तान में सुबुद्धि होती। %ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने जब स्पष्ट कर दिया था कि उसका मकसद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था न कि पाकिस्तान या उसकी जनता को, लेकिन पाक ने उसे अपने ऊपर हमला मान लिया।

प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार वे मानते हैं कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह भी सच्चाई है कि यह युग आतंकवाद का भी नहीं है।

इसलिए ऐसे आतंकवादियों का सफाया करना बहुत जरूरी है। अब देखना होगा कि वि विशेषकर संयुक्त राष्ट्र कहां तक इस पर अमल करता है। अभी भारत संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव 1267 के अनुपालन के लिए सुरक्षा परिषद की समिति की निगरानी टीम और अन्य भागीदार देशों के साथ बातचीत कर रहा है। इसका उद्देश्य आधिकारिक तौर पर %द रेजिस्टेंस फ्रंट' को आतंकी गुट के रूप में सूचीबद्ध कराना और इस गुट को पाकिस्तान से मिल रहे समर्थन से वि समुदाय को परिचित कराना है।

(लेख में व्यक्त विचार निजी हैं)

## सू- दोकू क्र.62

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.61 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

# कोरोना से सरकार को अधिक सतर्कता बरतनी होगी

देश में कोविड-19 के मामलों की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक ने स्थिति को लेकर बैठक की जिसमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपात चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद व केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञ भी शामिल थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीक नजर रखे हुए है तथा सुनिश्चित कर रहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के उचित उपाय किए जाएं। एशिया में सिंगापुर, हांगकांग, चीन व थाईलैंड में इस दफा ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जेएन1 व उसके सब-वेरिएंट एलएफ7 व एनबी1.8 जिम्मेदार बताया जा रहा है। 2023 में इसे पहली बार देखा गया था जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वेरिएंट ऑफ इंट्रेस्ट घोषित किया था जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पाया जा चुका है।

सिंगापुर में मरीजों के अस्पताल में भर्ती के मामलों में बीते हफ्ते से 30% ज्यादा मामले तो हांगकॉंग में इक्यासी गंभीर मामले सामने आए हैं। हालांकि थाईलैंड व चीन ने मरीजों की संख्या का खुलासा नहीं किया है परंतु हाई अलर्ट जारी किया जा चुका है। बूस्टर डोज लेने की सलाह भी दी जा रही है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन ने अंदेशा जताया है कि कोविड की लहर तेजी से बढ़ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि नया वेरिएंट न तो बहुत खतरनाक है, न तेजी से फैल रहा है।

मगर गंभीर बीमारियों वाले मरीज व कमजोर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत बताई जा रही है। इसके लक्षणों में खांसी, सिर दर्द, बुखार, आंखों में जलन, जुकाम, दस्त/उल्टियां, मांस-पेशियों में ऐंठन के साथ ही स्वाद या गंध न आना भी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोविड-19 के चपेट में आकर 2020-21 के दौरान पांच लाख से ज्यादा मौत हुई थीं। हालांकि इस आंकड़े को लेकर संदेह रहा है क्योंकि अंदेशा है, संक्रमण ने इससे कहीं ज्यादा लोगों को मौत की नींद सुलाया था।

मगर जिस तेजी से इसके बढ़ने की खबरें आ रही हैं, उन्हें देखते हुए सरकार को अधिक सतर्कता बरतनी होगी। विशेषज्ञों को चेतावनी देने से ज्यादा जरूरी है, संक्रमण की चपेट में आ रहे देशों से आने वाले यात्रियों व सामान की सतर्कतापूर्वक जांच हो। उन्हें क्वेरेंटाइन किया जाए। अपनी आबादी को देखते हुए हमें संक्रमण को लेकर चौकस रहना होगा। महामारी की बड़ी कीमत चुका चुके देश व देशवासियों को इस खतरे से आगाह करने में कोताही करना उचित नहीं कहा जा सकता।

# मृणाल और अदिवी शेष की डकैत का टीजर रिलीज

इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल डकैत' का आज टीजर जारी हो गया है। टीजर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है। टीजर में फिल्म के प्रमुख स्टारकास्ट अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप नजर आ रहे हैं। फिल्म का नाम डकैत- एक प्रेम कथा' है, ऐसे में फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा।

1 मिनट 1 सेकंड के इस टीजर की शुरूआत अदिवी शेष के एक वाइस ओवर से होती है। जबकि मृणाल ठाकुर की आखों में आंसू हैं और वो परेशान दिखती हैं। वाइस ओवर में कहता है, जूलियट तेरे साथ सबने बहुत गलत किया है। जिस पर भी तूने भरोसा किया, उसने तुम्हे धोखा दिया। लेकिन फिक्र मत कर, अब मैं आ गया हूं। अब कोई नहीं बचेगा। बचेगी तो बस तेरी बर्बादी।' टीजर से पता चलता है कि फिल्म की कहानी कहीं न कहीं प्यार और धोखे पर आधारित है। टीजर में अनुराग कश्यप भी एक झलक दिखे हैं। जो कहीं न कहीं फिर से फिल्म में निगेटिव किरदार में लग रहे हैं। फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

टीजर में एक ओर जहां अदिवी शेष एक्शन अवतार में और गुस्से में नजर आ रहे हैं, तो वहीं मृणाल ठाकुर परेशान हैं और दुखी दिख रही हैं। एक सीन में वो अदिवी शेष के ही पीछे छिपती भी दिखती हैं। टीजर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। शेनिल देव द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप के अलावा प्रकाश राज, अतुल कुलकर्णी, सुनील, जैन मैरी खान और कामाक्षी भास्करला जैसे कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# विजय देवरकोंडा की किंगडम को मिली नई रिलीज तारीख

आने वाले समय में अभिनेता विजय देवरकोंडा एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। किंगडम भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। किंगडम की नई रिलीज तारीख का भी ऐलान हो गया है। आइए जानें आखिरकार फिल्म की रिलीज क्यों टाली गई। किंगडम को 4 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। निर्माताओं ने इसकी घोषणा करते हुए लिखा, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि हमारी फिल्म किंगडम पहले मई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 4 जुलाई के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। हमने मूल तारीख पर फिल्म रिलीज करने के हर संभव प्रयास किए, लेकिन देश में हाल ही में हुई अप्रत्याशित घटनाओं और वर्तमान माहौल के कारण प्रचार या उत्सव आगे बढ़ाना मुश्किल हो गया।

उन्होंने आगे लिखा, हमें विश्वास है कि आप हमारे इस फैसले को स्वीकार करेंगे। हम आपके समर्थन को अत्यंत महत्व देते हैं और आशा करते हैं कि 4 जुलाई को सिनेमाघरों में आपसे मिलकर आपका प्यार प्राप्त करेंगे। जय हिंद।

# चार शराब की दुकानें होंगी स्थानान्तरित

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने आदेश दिये हैं कि यातायात व्यवस्था, जन सुरक्षा और व्यापक जनहित के चलते शहर की चार शराब की दुकानें एक सप्ताह अन्यत्र स्थान्तरित की जायेंगी।

आज यहां जिलाधिकारी सविन बंसल ने आदेश जारी करते हुए बताया कि जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की बैठकों की तरह 27 मार्च को विगत बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एवं पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा शहर के चिन्हित कतिपय स्थानों पर बढते सडक हादसों व ट्रेफिक जाम वहां पर अनुचित रूप से अवस्थित शराब की चार दुकानों को मुख्य वजह बताते हु उन्हें उक्त स्थानों से हटाये जाने की प्रबल संस्तुति की है। उक्त क्रम में इन चौराहों, तिराहों पर मदिरा की दुकानों से सडक हादसे की प्रबल सम्भावना एवं यातायात बाधित होने से आम जनमानस को गम्भीर चुनौतियों की मौजूदगी के दृष्टिगत उक्त दोनों को अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त चार दुकाने सनपार्क इन चौक की मदिरा की दुकान, बिन्दाल तिराहा, रोजगार तिराहा व चूना भटटा तिराहा की मदिरा की दुकानों को स्थान्तरित किया जायेगा।

# घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्कर मंदिर मार्ग निवासी अखिलेश कुकरेती ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चुक्खुवाला निवासी शफीक मौहम्मद पैदल पाम सिटी के पास से जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने उनको अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे शकील मौहम्मद की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# एक व्यक्ति की मृत्यु कारित करने वाला वाहन चालक गिरफ्तार

संवाददाता



देहरादून। तेज गति से वाहन चलाते हुए एक व्यक्ति की मृत्यु कारित करने वाले वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 जून 2025 को कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना सेलाकुई पर लेबर चौक के पास वाहन दुर्घटना में एक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर तत्काल थाना सेलाकुई से पुलिस बल मौके पर पहुंचा, जहां मृतक के संबंध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक श्रवण सिंह पुत्र बलराम सिंह, जो सेलाकुई स्थित एमजी साहनी कंपनी में काम करता था। रात्रि में कंपनी से छुट्टी के बाद घर जाते समय लेबर चौक के पास अज्ञात वाहन द्वारा मृतक की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी गई, गंभीर चोटों के कारण मोटरसाइकिल चालक की मृत्यु हो गई। मृतक का शव मोर्चरी विकास नगर में रखवाया गया। मृतक का पंचायतनामा/पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई तथा उक्त प्रकरण में थाना सेलाकुई पर मृतक के पुत्र रितेश सिंह द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अज्ञात वाहन चालक की तलाश हेतु थाना सेलाकुई स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर करते हुए आसपास आने जाने वाले मार्गों के सीसीटीवी फुटेजों को चेक किया गया तथा सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त वाहन एवं संदिग्ध के संबंध में जानकारियां एकत्रित करते हुए आज घटना को अंजाम देने वाले इस्तुखार पुत्र सफ्फक्त अली को सेलाकुई क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया तथा घटना से प्रयुक्त वाहन को सीज किया गया।

# मुख्यमंत्री की घोषणा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें विभागः डीएम




संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि सभी विभाग मुख्यमंत्री की घोषणाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें।

आज यहां जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनपद में मुख्यमंत्री की घोषणा की समीक्षा की गई, जिसमें समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों से मुख्यमंत्री घोषणाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से समीक्षा की। डीएम ने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, सभी अधिकारी इसमें पूर्ण गंभीरता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें।

डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के निस्तारण कार्यों से कोई समझोता नही किया जाएगा तथा इसमें किसी प्रकार का कोई तर्क वितर्क, देरी, लापरवाही क्षम्य नही नही है। डीएम ने कहा कि विभागों के मात्र कार्यवाही गतिमान; एचओडी /शासन पर लम्बित है जैस तर्क घोषणा पूर्ति हेतु नाकाफी है अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। निस्तेज विभागों सीएम घोषणा के सम्बन्ध में की गई विशिष्ट सटीक कार्यवाही का विवरण कलेक्ट्रेट में आकर अद्यतन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि घोषणाएं मात्र संख्या न होकर क्षेत्र विशेष की जन आकांशाएं भी है तथा विकास का अधार है इसमें गंभीरता से कार्य करें। जनवरी से बगैर शासन की स्वीकृति घोषणाओं के अर्न्तविभागीय हस्तांतरण पत्र भेजने के पश्चात आनंदमय निद्रा में आए विभागों को डीएम ने निद्रा से बाहर किया। नगर निगम द्वारा घोषणाओं के विलोपन में दिए गए तर्क पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की तथा कहा विलोपन तब तक अनुमन्य नहीं, जब तक शासन से अनुमति न मिले तथा दूसरे विभाग को हस्तांतरण न हो। दूसरे विभाग को 75 प्रतिशत् घोषणाओं के विलोपन इतिश्री कर उपेक्षा कर रहे निगम देहरादून को डीएम ने कड़ी फटकार लगाई तथा सख्त निर्देश यदि विलोपन/ हस्तांतरण की स्वीकृति 01 माह तक नही मिली; तो आप स्वंय घोषणा निष्पादित करने के लिए विभाग बाध्य हैं। बैठक में यह जानकारी दी गई कि जिले में मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2021 से अब तक कुल घोषणाओं की 138 घोषणाएं की गई हैं। जिस पर विभगों द्वारा जानकारी दी गई कि इनमें कई घोषणा पर कार्य कार्य प्रगति पर है। लोनिवि की 23, सिंचाई विभाग की 23, शहरी विकास की 16, समाज कल्याण 14, शिक्षा 8, पर्यटन 7, संस्कृति 8, वन 5, ऊर्जा 3, सैनिक कल्याण विभाग 6 सहित अन्य समस्त विभागों की घोषणाओं के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गई। लोनिवि के अधिकारियों ने अवगत कराया कि 18 घोषणाओं पर कार्य गतिमान है जिनमें 12 डीपीआर शासन को भेजी गई हैं, 06 पर कार्यवाही गतिमान है तथा 05 लम्बित है। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि अधिकतर घोषणाओं पर कार्य गतिमान है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, प्रभागीय वनाधिकारी नीरज शर्मा, अपर जिलाधि कारी प्रशासन जयभारत सिंह, उप नगर आयुक्त गोपालराम बिनवाल, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल, लोनिवि, यूपीसीएल, पेयजल के अध ीक्षण अभियंता सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उम्मीद पोर्टल से सरकार को बढ़ी उम्मीद

विशेष संवाददाता

देहरादून। केंद्र सरकार के द्वारा लाये गए नए वक्फ कानून के विरोध में दायर याचिकाओं पर भले ही अभी सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला न आया हो लेकिन सरकार अपने इस फैसले को सही साबित करने के लिए हर तरह के प्रयास कर रही है। फैसले से पूर्व सरकार द्वारा एक पोर्टल लांच कर लोगों को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि उसका यह बिल उन गरीब मुस्लिम लोगों के हितों की रक्षा के लिए लाया गया है जिनका वक्फ का लाभ मिलना चाहिए। वही वक्फ की संपत्ति पर कुछ लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा किए जाने का दावा करते हुए इन्हें कब्जा मुक्त कराने की बात कही जा रही है। उम्मीद नाम से सरकार ने जो पोर्टल लॉन्च किया है उसमें वक्फ की संपत्तियों के बारे में पूरी जानकारी सप्रमाण पत्र मांगी गई है। सरकार का कहना है कि जो कब्जा धारक व्यक्ति या संस्था इसकी जानकारी नहीं देगी उसे विवादित संपत्ति

## वक्फ संपत्तियों का सच सामने आएगाः शम्स

माना जाएगा। सरकार की इस पहल को अदालत पर दबाव बनाने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। वहीं सरकार का कहना है कि इससे परिसंपत्तियों का हिसाब किताब हो सकेगा तथा इसका पूरा सच सामने आ जाएगा।

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे वक्फ की संपत्तियों का पूरा ब्यौरा ही नहीं मिल सकेगा। असवैधानिक रूप से चल रहे मदरसों से लेकर अन्य सभी धार्मिक स्थलों तथा अन्य शिक्षण संस्थाओं का सच सामने आ सकेगा वह चाहे मदरसे हो या मजार अथवा मस्जिद व कब्रिस्तान। उनको अगर वैध रूप से चलाया जा रहा है तो उसका पूरा ब्यौरा सरकार के पास होगा तो इसके उचित प्रबंधन की व्यवस्था सरकार के द्वारा की जा सकेगी। तथा इनका आधुनिक तरीके से विकास से जोड़ा जा सकेगा। जिन संपत्तियों के दस्तावेज नहीं है या जो भी वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जे है उनका पता चल सकेगा। वक्फ पर लाये गए नए कानून के कई प्रावध ानों पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला आने तक रोक लगाई है। देखना है कि अब सुप्रीम कोर्ट का क्या फैसला आता है।

# लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। शादी का झांसा देकर लाखो की ठगी व ब्लैकमेलिंग करने वाली एक शातिर दुल्हन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से ब्लैकमेलिंग कर ली गयी 50 हजार की नगदी भी बरामद हुई है। गिरफ्तार महिला की पहचान हीना रावत पुत्री बलवंत सिंह निवासी खरमासा कुंडेश्वरी, थाना काशीपुर के रूप में हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रोज कोतवाली रूद्रपुर में दीपक कक्कड़ पुत्र स्व. ओम प्रकाश कक्कड़ निवासी बसुंधरा फेस 1, भूरारानी रोड, रुद्रपुर द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि एक महिला, जिसने अपना नाम अंकिता शर्मा बताया और खुद को हाईकोर्ट का एडवोकेट बताया, ने व्हाट्सएप चैटिंग के जरिए उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और धोखाधड़ी से उससे पांच लाख रुपये हड़प लिए। इसके बाद, महिला ने विवाह का नाटक कर दीपक के घर पर रहना शुरू कर दिया। इस दौरान अंकिता शर्मा उर्फ हीना रावत ने दीपक कक्कड़ को तरह-तरह से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और उससे 30 लाख रुपये की मांग करने लगी। पैसे न देने पर वह दीपक का मर्डर करने या स्वयं आत्महत्या कर उसे और उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। बताया कि शक होने पर जब उसने महिला के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि उसका सही नाम हीना रावत पुत्री बलवंत सिंह निवासी खरमासा कुंडेश्वरी, थाना काशीपुर है।



वह पहले से शादीशुदा है और लोगों को प्रेम जाल में फंसाकर बलात्कार आदि

**शादी के झांसा देकर करती थी लाखों की ठगी और ब्लैकमेलिंग**

का झूठा आरोप लगाकर ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने का काम करती है। मामले में पुसि ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसे पुलिस ने बीती रात उदय होटल के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी महिला के पास से दीपक से लिए गये फिरौती के 50 हजार रुपये की नकदी और एक फर्जी आधार कार्ड बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के अलग-अलग थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। वह इन मुकदमों से बचने के लिए विदेश भागना चाहती थी। उसको विदेश भागने के लिए 30 लाख रुपये की जरूरत थी, इसीलिए उसने दीपक को अपने झूठे प्रेमजाल में फंसाया व तरह-तरह से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

बताया कि कभी वह बिजनेसमैन बनकर तो कभी रजनीगंधा ब्रांड की ब्रांड एंबेसडर बनकर तो कभी कॉन्ट्रैक्टर बनकर लोगों को लूटा करती थी। बताया कि वह मैट्रिमोनियल साइटों पर खुद को अविवाहित और योग्य दुल्हन के रूप में पेश करती थी। वह लोगों को प्रेम जाल में फंसाकर शादी करती थी और फिर उन्हें बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाकर मोटी रकम ऐंठती थी।

## हमारे होते हुए धात्री महिला, बुजुर्ग, बच्चों पर अन्न संकट नामुमकिनः डीएम



संवाददाता

देहरादून। जिला प्रशासन की टीम द्वारा सरकारी सस्ते गल्ले के प्रबंधकों को जहां उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया वहीं जिला प्रशासन की शक्तियों का भी आभास कराते हुए काफी हुई लंबे समय से चली आ रही खाद्यान्न आवंटन अव्यवस्था पर रोक लगाई।

आज यहां सुदूरवर्ती क्षेत्र जौनसार बाबर में लगभग 250 सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता दो महीने से गोदान से राशन नहीं उठा रहे थे जिससे क्षेत्र में धात्री महिला, बुजुर्ग, बच्चों, स्कूली बच्चे के मिड डे मील हेतु अन्न संकट उत्पन्न होने की गिरफ्त में था, जिससे अनाज आवंटन एवं खाद्य प्रबंधन अव्यवस्था उत्पन्न कर दी थी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने समस्या का यथा समय संज्ञान लेते हुए क्षेत्र में जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय टीम भेजी। टीम द्वारा खाद्यान्न विक्रेताओं से विस्तारपूर्वक चर्चा कर उनकी जिम्मेदारी का भान दिलाया तथा प्रशासन के इरादे बताते हुए जिला प्रशासन की शक्ति का भी आभास कराया। जिला प्रशासन की टीम द्वारा सरकारी सस्ते गल्ले के प्रबंधकों को जहां उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया वहीं जिला प्रशासन की शक्तियों का भी आभास कराते हुए काफी हुई लंबे समय से चली आ रही खाद्यान्न आवंटन अव्यवस्था पर रोक लगाई।

3अगले सप्ताह से आंतरिक गोदाम से खाद्यान्न उठान शुरू हो जाएगा। जिला प्रशासन सरकारी मशीनरी से घर घर राशन बंटवाने की व्यवस्था कर चुका था। जनपद देहरादून के पर्वतीय आन्तरिक गोदामों में उचित दर विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न एवं ई-पॉस मशीन न उठाये जाने के सम्बन्ध में विरोध था इसमें आ रही समस्यों के समाधान हेतु जिलाधिकारी सविन बंसल ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था।

गठित समिति द्वारा जौनसार बावर जनजाति सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता एसोशियेसन से वार्ता की, वार्ता में पदाधिकारी एवं भारी संख्या में सदस्य उपस्थित हुये। बैठक में निर्णय लिया गया कि खाद्यान्न उठान के साथ ई-पॉस मशीन का प्रशिक्षण 07 जून से प्रारम्भ किया जायेगा। साथ ही समस्त पर्वतीय आन्तरिक गोदामों में उचित दर विक्रेता 10 से 12 की संख्या में प्रतिदिन खाद्यान्न एवं ई-पॉस मशीन उठान एवं प्रशिक्षण शुरू करेंगें। सभी गोदाम प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक दिन गोदाम खुला रखकर खाद्यान्न एवं ई-पॉस मशीन का वितरण सुनिश्चित करेंगे तथा निरन्तर अपने कार्यस्थल अपनी उपस्थिति बनाये रखेगें।

## मुख्यमंत्री ने कालू सिद्ध मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में की पूजा-अर्चना

संवाददाता

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी स्थित कालू सिद्ध मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर में छत्र चढ़ाकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी स्थित कालू सिद्ध



मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर में छत्र चढ़ाकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने नव निर्मित भव्य मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कालू सिद्ध मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, राम सिंह कैड़ा, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा उपस्थित थे।

## भाईचारा व अमन चैन की दुआ के साथ अदा की गयी ईद की नमाज

संवाददाता

देहरादून। देश में आपसी भाईचारा व अमन चैन की दुआ के साथ बकरीद मनायी गयी। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।

आज यहां सुबह ईदगाह गोविन्द गढ में शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी ने देश में अमन चैन व आपसी भाई चारे की दुआ के साथ ईद की नमाज अदा की। जिसके बाद शहर में 72 ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा की गयी। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। शुक्रवार को आईएसबीटी और



ब्राहमणवाला में लगे बाजारों में लोगों ने बकरों की खूब खरीदारी की थी। आज प्रातः से ही ईद के त्यौहार को देखते हुए बाजारों में रौनक रही। आज यहां ईदगाह सुभाषनगर व माजरा में पहली नमाज सात बजे व दूसरी नमाज आठ बजे अदा की गयी। इसके साथ ही जामा मस्जिद पलटन बाजार में साढे आठ बजे, ईदगाह मुस्लिम कालोनी में साढे सात बजे नमाज अदा की गयी। मक्का मस्जिद भंडारी बाग में साढे छह बजे, बिलाल मस्जिद सिंघल मंडी में सात बजे नमाज अदा की गयी। वहीं जामा मस्जिद धामावाला में साढे सात बजे, जामा मस्जिद नया नगर, इनामुल्ला बिल्डिंग में आठ बजे, मदरसा अजबपुर कलां में साढे छह बजे व ईदगाह चकराता रोड में आठ बजे ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*